# पर्यटन इकाइयों के लिए भूमि उपलब्ध कराएगी सरकार

लखनऊ। प्रदेश सरकार पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए नई पर्यटन नीति 2022 के तहत पर्यटन इकाइयों को भूमि उपलब्ध कराएगी। पर्यटन इकाइयों की स्थापना के लिए चिह्नित की गई उपयुक्त भूमि को अलग से पर्यटन विभाग के लिए आरक्षित रखा जाएगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि ऐसे भूमि बैंक की जानकारी संबंधित स्थानीय निकाय, जिला प्रशासन, राजस्व विभाग तथा पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। भूमि का आवंटन निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित क्षेत्र में जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समिति की ओर से निर्धारित ब्याज दरों पर किया जाएगा। बताया कि इस नीति के तहत उपलब्ध कराई गई भूमि का प्रयोग कम से कम 30 वर्षों तक जिस उद्देश्य से आवंटन किया गया है, उससे अलग नहीं किया जाएगा। ब्यूरो